कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्रीमती अनिता मीना पत्नि श्री मुकेश कुमार मीना, पता–बालाजी फोटो स्टेट, कम्प्यूटर्स एण्ड स्टेशनर्स, पंचायत समिति रोड दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा

अपील संख्या 31/2023

निर्णय

दिनांक 13.06.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर अपीलांट ने यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/1055 दिनांक 23.05.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2023/18 दिनांक 31.05.2023 के द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:56:13 IST
Reason: SelfAttested